तापमान

अधिकतम 32 .3 डिग्री
न्यूनतम 15 .2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 मार्च 2025

11 पेयजल किल्लत से परेशान हो रहे लोग



12 मोखरा में विकास कार्यों का शुभारंभ



## शहर में आज

- लघुसचिवालय में समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं
- जिला बार एसोसिएशन में होगा चुनाव
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर

# जिला बार एसोसिएशन के उप प्रधान व अन्य पदों के लिए मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- मतदान केंद्रों में ईवीएम पहुंची
- केंद्रों के बाहर पुलिस तैनात
- चुनाव के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी तैनात

जिला बार एसोसिएशन में सोमवार को चुनाव होगा। इसके लिए मतदान केंद्र तैयार कर दिया गया है। जहां बूथों पर ईवीएम लगाई गई हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। यहां उप प्रधान, महासचिव, संयुक्त सचिव और लाइब्रेरियन के पद पर चुनाव करवाया जाएगा। सुबह से शाम तक मतदान किया जाएगा। इसके बाद शाम को ही मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। बार एसोसिएशन का चुनाव इसलिए भी चर्चा में रहता है क्योंकि यहां कई बड़े राजनीतिक लोग भी सदस्य हैं। जो चुनाव में भाग लेते हैं। इसलिए प्रशासन द्वारा चुनाव पर नजर रखी जाती है। चुनाव के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## एसोसिएशन के 2704 सदस्य चुनाव में करेंगे मतदान, शाम को परिणाम



### इनके बीच मुकाबला

चुनाव के लिए उप प्रधान पद पर सुशीला देवी, संदीप खत्री, अभीजीत चौधरी और अजय ओहल्यान मैदान में हैं। महासचिव पद के लिए हर्षवर्धन मलिक, कर्ण नारंग, राजकर्ण पंघाल में मुकाबला है। संयुक्त सचिव के लिए साक्षी लांबा, डिंपल और ज्योति चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए अनिल कुमार, मंजीत सिंह और अशोक कुमार और साहिल अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### सुबह साढ़े सात बजे मॉक पोल

जिला बार एसोसिएशन के हॉल में मतदान केंद्र बनाया गया है। जहां सुबह साढ़े सात बजे मौक पोल करवाया जाएगा। इसके बाद आठ बजे मतदान शुरू किया जाएगा। जो शाम पांच बजे तक चलेगा। इसके बाद मतगणना कर परिणाम जारी कर दिया जाएगा। मतदान केंद्र के बाहर पुलिस तैनात रहेगी। जहां बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। मतदान के लिए तीन बूथ बनाए जाएंगे, हर बूथ में चार ईवीएम लगाई जाएंगी। जिनकी सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा चुनाव की प्रक्रिया को मतदान केंद्र के बाहर लगी स्क्रीन पर भी देख सकेंगे।

### तीन बूथ : हर बूथ पर चार ईवीएम लगाई गई

चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्र में तीन बूथ बनाए गए हैं। हर बूथ पर चार ईवीएम लगवाई गई हैं। मतदान केंद्र के बाहर स्क्रीन पर मतदान प्रक्रिया देखी जा सकती है। शाम पांच बजे के बाद मतगणनता कर परिणाम घोषित किया जाएगा।

-प्रदीप मलिक, चुनाव अधिकारी

## खबर संक्षेप

### मदवि में फोटोग्राफी और अन्य प्रतियोगिताएं 19 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग 19 मार्च को नेशनल वैक्सीनेशन डे के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग, एक्सटेंपोर, स्लोगन राइटिंग तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियों का आयोजन करेगा। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्षा एवं इस कार्यक्रम की कंवीनर डा. पूजा सुनेजा मदान ने बताया कि नोवेल वैक्सीन टेक्नोलॉजी थीम पर आधारित यह कार्यक्रम माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आयोजित किया जाएगा। डॉ. पूजा गुलाटी इस कार्यक्रम की आयोजन सचिव हैं तथा डॉ. कृष्ण कांत शर्मा, डॉ. अनीता रानी संतल, डॉ. संजय कुमार व डॉ. राजीव कुमार कपूर सह आयोजन सचिव हैं।

### एमडीयू में 19 से 29 तक रंग महोत्सव

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का बहुरंगीय महोत्सव- रंग महोत्सव 19 से 29 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। रंग महोत्सव के संयोजक एमडीयू के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि रंग महोत्सव का आरंभ 19 मार्च को रंग बहार पुष्प उत्सव से होगा। रंग बहार इवेंट फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर लॉन में आयोजित किया जाएगा। बॉटनी विभाग की प्रोफेसर डॉ. विनीता हुड्डा रंग बहार इवेंट की संयोजिका हैं। कलात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित रंग सृजन इवेंट 24-25 मार्च को विजुअल आर्ट्स विभाग में आयोजित किया जाएगा। विजुअल आर्ट्स विभाग के अध्यक्ष डा. संजय कुमार इस इवेंट के संयोजक होंगे।

### भैणीसुजरन से प्रवासी श्रमिक लापता, केस

**महम।** भैणीसुजरन गांव में एक पूर्व सरपंच के खेत में मजदूरी करने वाला एक प्रवासी मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। इसकी शिकायत उसके साले ने महम थाने में दी है। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के मिलानी निवासी बीरबल पुत्र होरी लाल ने बताया कि वह फिलहाल भैणीसुरजन गांव में रहता है। उसका जीजा महेंद्र पुत्र रामबिलास पूर्व सरपंच रामनिवास के खेत में सीरी का काम करता था। गत दिवस वह शाम को छह बजे महेंद्र के खेत से लापता हो गया। उसका उन्होंने अपने स्तर पर कई जगह पर तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर, लापता व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

### रूप नगर में मकान से नकदी सहित सामान चोरी

**रोहतक।** रूप नगर के एक मकान से चोर कैश और गाड़ी की चाबी चोरी करके ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विनोद भाखर वकील निवासी रुप नगर ने बताया कि 14 मार्च की सुबह एक चोर उनके घर में जीने के रास्ते से घुसा और घर का दरवाजा खोलने की कोशिश करने लगा। जब गेट नहीं खुला तो घर में खड़ी कार से कार की चाबी व 2000 रुपये चोरी कर लिए। साथ ही उनकी स्कूटी में से 500 चोरी कर लिए। उसके बाद चोर उनके कमरे में भी गया, वहां से भी उसने पैसे चोरी करने की कोशिश की। आरोपी कैमरे में कैद हुआ है, जिसे वह जानते हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आज हो सकती है भाजपा जिला अध्यक्ष की घोषणा, 59 नेताओं ने किया नामांकन

■ महिलाओं सहित सभी वर्गों के कार्यकर्ता मैदान में उतरे ■ जिला अध्यक्ष की घोषणा जल्द : संदीप जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- पार्टी के प्रदेश कार्यालय में रविवार को दिनभर रही हलचल

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पद के लिए रोहतक में 59 कार्यकर्ताओं ने अपना नामांकन दाखिल किया है। इनमें महिला आयोग की पूर्व चेयरमैन सहित कई वरिष्ठ नेता, चेयरमैन और वर्तमान जिलाध्यक्ष शामिल हैं। पार्टी के सामने भी चुनौती है कि किसे प्रधान की कुर्सी दी जाए। इस पर फैसला सोमवार को हो सकता है। माना जा रहा है कि पद पर सर्वसम्मति भी हो सकती है। रविवार को रोहतक सनसिटी सेक्टर-36ए स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में जिलाध्यक्ष के नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं में दिनभर हलचल रही। भाजपा कार्यालय में नामांकन दाखिल करने के लिए कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी।भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए जिन नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नामांकन किया है। उनमें पांच महिलाएं, ओबीसी, अनुसुचित जाति वर्ग सहित सभी वर्गों के कार्यकर्ताओं शामिल हैं। वहीं जिला चुनाव सह अधिकारी सुखबीर चंदेलिया और डॉ दिनेश घिलौड़ ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व सभी आवेदकों पर विचार विमर्श करेगा और आज सर्वसम्मति के साथ नये जिलाध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है।




**रोहतक।** प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र देतो भाजपा कार्यकर्ता।

### 15 मंडल अध्यक्षों के चुनाव की घोषणा हो चुकी

रोहतक जिला में संगठन की दृष्टि से सभी 15 मंडल अध्यक्षों के चुनाव की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। जिला चुनाव अधिकारी संदीप जोशी ने बताया कि इस बार मंडल अध्यक्ष की घोषणा में हर वर्ग पर विशेष ध्यान दिया है। पार्टी की इस रणनीति से पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। यह चुनाव भाजपा के अंदर एक नई दिशा में बदलाव का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें महिला और ओबीसी वर्ग को समान महत्व दिया गया है। जो पार्टी के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

### ये कार्यकर्ता दौड़ में

प्रधान पद के लिए वर्तमान जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका, महासंपर्क अभियान संयोजक नागेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, फरीदाबाद के प्रभारी नरेंद्र वत्स, पूर्व पार्षद अशोक खुराना और महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन प्रतिभा सुमन, चैयरमैन हरीश कौशिक, डॉ दिनेश घिलौड, सत्य प्रकाश बिसला, सतीश चौधरी, आशा शर्मा, ईश्वर चंद्र सिंघल, अमित बंसल, मनोज मक्कड़, पंकज भारद्वाज, सुषमा सरोहा, धर्मवीर शर्मा सहित कई प्रमुख नेता अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं।

### ये बोले चुनाव अधिकारी

चुनाव अधिकारी संदीप जोशी भाजपा के जिलाध्यक्ष पद के नामांकन की प्रक्रिया पर नजर बनाए हैं। उन्होंने बताया कि 59 नामांकन जिलाध्यक्ष के लिए आए हैं। भाजपा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नामांकन के बाद पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष की घोषणा सोमवार तक की जा सकती है और उसके साथ ही जिला संगठन चुनाव सम्पन्न हो जाएगा।

# भूपेंद्र की मौत मामले की जांच शुरू, हत्या का आरोप

## टिटौली गांव के पास मिला था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ बाइक पर जा रहा था रास्ते में कार चालक टक्कर मारकर फरार
■ परिजनों का आरोप साजिश के तहत की गई भूपेंद्र की हत्या

टिटौली के पास हुए हादसे में मारे गए युवक के शव का रविवार को पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को परिजनों के हवाले किया गया। परिजन घटना के बाद से ही मामले में हत्या का आरोप लगा रहे हैं। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक जींद रोड गांव टिटौली के पास बाइक सवार युवक अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बाइक व कार की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के कारण बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय भूपेंद्र निवासी गांव समर गोपालपुर के रूप में हुई। हादसे के दौरान कार खेतों में उतर गई और कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। वहीं, मृतक भूपेंद्र के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। परिजनों का कहना है कि भूपेंद्र को साजिश के तहत मारा गया है, जिसे सड़क हादसे का रूप दिया जा रहा है। पुलिस को कई लोगों के नाम शिकायत में दिए गए हैं। इसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। इस मामले में परिजनों ने घटना के बाद रोड जाम भी कर दिया था। टिटौली चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## शिविर में स्वयंसेविकाओं ने किया योगाभ्यास

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन रविवार को शुरूआत स्वयं सेविकाओं द्वारा लाखन माजरा गांव में प्रभात फेरी निकाल कर की गई। स्वयं सेविकाओं ने योगाभ्यास किया। हार्टफूलनेस सेंटर रोहतक के संचालक फूल सिंह ढाका ने मेडिटेशन करवाया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को मेडिटेशन की वास्तविक परिभाषा व इसके महत्व के बारे में उदाहरण देकर समझाया। इस दौरान फूल सिंह ढाका ने महाविद्यालय में स्वयं तैयार किए हुए पौधे प्रांगण में लगाने के लिए भेंट किए। इसके अलावा महाविद्यालय की तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा व कुसुम ने स्वयं सेविकाओं को फ्लेमलेस कुकिंग की ट्रेनिंग दी। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. मनीषा व डॉ. पूजा ने सभी को माय भारत पोर्टल एप के बारे में जानकारी दी।



## दुकान में चोरी करता एक काबू, साथी हो गया फरार

**रोहतक।** काहनौर में एक दुकान से सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप निवासी गांव काहनौर ने बताया कि गांव में आटोमोबाइल बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। उनके पास एक साल से एक युवक काम कर रहा था। सुबह वह अपने भाई दिनेश के साथ घर से दुकान की तरफ आए तो हमने दुकान के उपर छत पर खट-खट की आवाज सुनी।

जहां देखा तो दो लड़के उनको देखकर पड़ोसीकी छत पर कूद गए। छत से कूदने के कारण एक लड़के के पैर में चोट लग गई। जिसे मौके पर पकड़ लिया गया। आरोपी चोरी कर रहे थे। जांच पर पता चला कि दुकान से 10 टायर, 5 पेट्टी तेल और ईंजन का सामान चोरी किया गया है। फरार आरोपी की भी पहचान हो गई है।

## प्रदेश की सीनियर व जूनियर कोर्फबॉल टीम का चयन



**रोहतक।** रविवार को हरियाणा कोर्फबॉल की सीनियर और जूनियर टीमों का चयन राष्ट्रीय कोर्फ़बॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किया गया। प्रतियोगिता 1 से 5 मई 2025 तक भारत यूनिवर्सिटी चेन्नई में आयोजित करायी जाएगी। यह जानकारी कोर्फ़बॉल एसोसिएशन हरियाणा के सचिव डॉ. प्रदीप कुंडू ने दी। टीम चयन के मौके पर एडवोकेट सौरभ खासा ,हर्ष कुमार , नमित ,डॉ. नितेश ,सीमा आदि मौजूद रहे। फोटो : हरिभूमि

# वार्ड आठ की पार्षद अंजू सैनी की अनोखी पहल, प्रचार के दौरान लगाए फ्लैक्स हटाने को उतरी सड़कों पर

■ बोलीं- प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान से ली प्ररेणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम के वार्ड नंबर 8 की नव निर्वाचित पार्षद अंजू सैनी ने रविवार को अनोखी पहल करते हुए अपने वार्ड में एक अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मिलकर चुनाव प्रचार के दौरान अपने पक्ष में मतदान के लिए लगाए गए होर्डिंग व फलैक्स को खुद अपने हाथों से हटाया। पार्षद अंजू सैनी ने एक मिसाल कायम करते हुए यह कार्य किया।

पार्षद अंजू सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने वार्ड को साफ रखने की दिशा में यह पहल की है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जन-जन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए फ्लैक्स लगाना आवश्यक था। अब उसे उतारा जा रहा है। पार्षद अंजू सैनी ने कहा कि शीघ्र ही वे वार्ड वासियों का आभार व्यक्त करने के लिए जनसंपर्क करेंगी और साथ ही वार्डवासियों की पेयजल, सीवर, स्ट्रीट लाइट आदि समस्याओं का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द उचित समाधान करवाने का हर संभव प्रयास करेंगी। इस अभियान के दौरान सैनी एजुकेशन सोसायटी रोहतक के कार्यकारिणी सदस्य दीपक सैनी, समाज सेवी वरुण सैनी, वेदवती सैनी, अनुराधा, दिशा, जतिन, ममता, नीरू, कोमल, अखिल, अंकित सहित काफी संख्या में महिलाएं व युवा उपस्थित रहे।




## अवैध होर्डिंग्स व विज्ञापन लगाने वालों पर कार्रवाई करेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की ऐन्फोर्सटीम टीम द्वारा अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स, पोस्टर आदि लगाने वालों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इस कार्य की निरंतर निगरानी की जा रही है। नगर निगम की टीम मुख्य मार्गों पर लगे अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स, पोस्टर आदि हटवाने के साथ-साथ, उल्लंघनकर्ताओं को चिन्हित कर रही है।

### नोटिस दिए जाएंगे

नगर निगम के आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस दिए जा रहे हैं तथा संबंधित के विरूद्ध हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेन्ट आफ प्रोपर्टी एक्ट 1989 व विज्ञापन निति के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की टीम को सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे नगर निगम क्षेत्र में निरंतर निरीक्षण करें तथा अवैध तरीके से लगे होर्डिंग्स, फ्लैक्स, पोस्टर आदि को हटाया जाये। उन्होंने अपील की है कि दो दिन के अंदर-अंदर अपने अनाधिकृत पोस्टर, बैनर आदि हटा लें अन्यथा निगम की टीम द्वारा उनको हटाया जाएगा व जुर्माना वसूला जायेगा। साथ ही जुर्माना न भरने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी।गौरतलब है कि नगर निगम चुनाव में मेयर और 22 वार्डों में पार्षद का चुनाव करवाया गया है। इस दौरान उम्मीदवारों ने पूरे शहर में पोस्टर और होर्डिंग्स लगवा दिए। जिन्हें उतारने के लिए अब निगम कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# साइबर अपराध से बचने के लिए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



- पुलिस अधीक्षक बोले, फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से हमेशा सावधान रहें

साइबर अपराध व फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से सावधान रहने के लिए पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया ने एडवाईजरी जारी की है। जिसमें लोगों को धोखाधड़ी करने वाले ठगों से सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

### किसी विज्ञापन पर क्लिक न करें : बिजारणिया

एसपी ने साइबर अपराध व फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से सावधान रहने बारे एडवाइजरी जारी करते हुए आमजन से अपील कि है कि ऑनलाईन ऐप पर सर्च करते समय रिजल्ट में सबसे ऊपर दिखी वेबसाइट को ही सही ना माने। सबसे ऊपर के रिजल्ट के साथ यदि विज्ञापन लिखा दिख रहा है तो उस पर क्लिक करने से परहेज करें। यदि कोई सरकारी वेबसाइट है तो उसके अंत में जीओवी.आईएन या एनआईसी.आईएन जरूर होता है। अगर ऐसा है तो वेबसाइट सही है। कोई भी वेबसाइट खोलते समय यह अवश्य जांच ले कि वह सिक्योर है या नहीं। गूगल मैप के रिजल्ट पर एकदम से कभी भी भरोसा न करें। इसे कोई भी एडिट कर सकता है।

### ट्विटर और फेसबुक पर ब्लूटिक जरूर चेक करें

ट्विटर और फेसबुक पर ब्लूटिक जरूर चेक करें। अगर ये वैरिफाइड है तो सुरक्षित है। किसी भी तरह के लालच मे ना आए। आज के समय में साइबर अपराधी सस्ता लोन या प्रलोभन इत्यादि किसी भी तरह का ऑफर देने के बहाने लोगो के साथ ठगी कर रहे है। अपने एटीएम कार्ड का नम्बर सीवीवी, कार्ड का पिन, नेट बैंकिंग का पासवर्ड व ओटीपी आदि किसी के साथ भी सांझा न करे।

*बहुत प्रलाप करने से क्या लाभ हैं? इस चराचर जगत में जो कोई भी वस्तु है वह गणित के बिना नहीं है / उसको गणित के बिना समझा नहीं जा सकता।*

*- श्रीनिवास रामानुजन*



*दिव्या चींखी- 'ना घर बसाऊँगी, ना तुम्हारे बेटे को तलाक दूँगी। वो रहे कहीं भी, मुझे उसकी परवाह नहीं। उसके साथ अब मेरा निबाह नहीं होगा। तुम्हारे भी नाक में दम रखूँगी और उसकी बहनों और रिश्तेदारों तक को परेशान करती रहूँगी। मुझे ढेरों तकलीफें उठानी पड़े लेकिन उसे अब इस घर में घुसने नहीं दूँगी। प्राइवेट स्कूल से सरकारी स्कूल में बच्चों को चाहे भर्ती कराना पड़े, लेकिन तुम्हारे लिए दिल में रहम नहीं रखूँगी।*





कहानी

डा. सुरेश वशिष्ठ

# अहंकार

*शैलेंद्र और दिव्या क्रोध की अग्नि में ऐसे झुलसे कि चेहरे और अंतस पर झुलसने के निशान साफ दिखाई पड़ने लगे। शैलेंद्र के माँ-पिता ने स्वयं को निपूता मान लिया और घर-बार बेचकर किसी दूसरे शहर में जा बसे। दोनों लड़कियाँ उनकी देखभाल करती रही।*

दिव्या ने ससुराल का घर छोड़ा और किराए पर टू-रूम सैट लेकर रहने लगी। दोनों बच्चे और पति मजबूर हुए और उसके साथ रहने को चले आए। पति का नाम शैलेंद्र था। उसने सोचा-'दिव्या की जिद अलग रहने की है तो यही ठीक, घर का क्लेश तो मिटेगा?' उसे पत्नी के साथ रहना पड़ा। दोनों बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ने लगे। फीस का जिम्मा शैलेंद्र पर था।

दिन बीतने लगे लेकिन दिव्या का अहंकार खत्म नहीं हुआ। शैलेंद्र अपने माता-पिता से मिलने चला जाए तो क्लेश, बच्चों को दादा-दादी के पास ले जाए तो कलह। उसने दिव्या को बहुत समझाया लेकिन वह नहीं बदली।

शैलेंद्र दो बहनों का इकलौता भाई था। दोनों बहनें शादीशुदा थीं और अपनी ससुराल में उन्हें कोई कष्ट भी नहीं था। लेकिन बूढ़े और परेशान माँ-बाप की फिक्र में घुली जा रही थी। भाई-भाभी को समझाने के अनेक प्रयास हुए लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। एक रोज, शैलेंद्र माता-पिता से मिलने गया तो रात पत्नी के पास वापस नहीं पहुँचा। अगले दिन, सुकून की तलाश में वह कहीं और चला गया। पत्नी की तरफ से उसका मन खिन्न हो चुका था। पति घर नहीं लौटा तो दिव्या को चिंता हुई। पन्द्रह-बीस दिन बीत गए शैलेंद्र नहीं आया।

बच्चों के स्कूल से क्लास टीचर ने फीस का पुर्जा बनाकर बड़े लड़के की कॉपी में रख दिया। दिव्या ने पुर्जा देखा तो पैसों की चिंता हुई। पति को फोन मिलाया, फोन स्विच ऑफ था। ऐसे कई दिनों तक वह फोन मिलाती रही लेकिन पति से कोई बात नहीं हुई। शैलेंद्र ने फोन उठाया ही नहीं। थक-हारकर दिव्या ने सास को फोन मिला दिया। सास ने 'हैलो' कहा तो दिव्या के चुभन से भरे तीखे बोल सुनाई पड़े- 'कहां है वह, पन्द्रह-बीस दिन से कुछ अता-पता नहीं है। बच्चों की फीस और मकान का रैंट देना है, क्या करूँ?'

सास बोली- 'घर आकर पैसे ले जा, उसका तो हमें भी पता नहीं। तुम लोग जब से घर छोड़कर गए हो, हमें किसी की कुछ खबर नहीं है। नहीं जानते कि तुम कैसे हो और कहाँ रह रहे हो? यही तो कलह है कि तुम आपसी तकरार खत्म करना क्यों नहीं चाहते? तुम उसकी गलती निकालती हो और वह तुम्हारी! सामान बाँधों और बच्चों को लेकर घर लौट आओ। उसका जब मन चाहेगा तो लौटकर आ जाएगा।'

'नहीं, एक बार जिस घर को छोड़कर चली आई, अब वहाँ मुझे नहीं आना।' दिव्या का अहम जाग उठा था। सास समझाने लगी- 'पति से बनाकर रखने में ही भलाई है। तुम्हें सास-ससुर में कमी दिखती है तो पति के अनुसार ही ढल जाओ! उसकी हो-कर ही रहने लगो? घर से दूसरे नगर इसीलिए गए थे कि चैन से रहोगे। अब पति से भी नहीं बन रही तो हमारा इसमें कहाँ दोष है।'

'दोष तो तुम सबों में है। मेरे कहे अनुसार चलोगे तो ठीक, नहीं तो तुम्हें भी चैन से रहने नहीं दूँगी। मैं नहीं चाहती कि तुम्हारे बेटे के साथ रहूँ लेकिन मेरी मजबूरी है। बच्चों को लेकर जाऊँ कहाँ, और बच्चों को मुझसे छीनने की सोचना भी मत। चाहे कैसे भी, मुझमें हिम्मत है। उन्हें किसी तरह पाल ही लूँगी। जिन के पिता मर जाते हैं, बच्चे तो उनके भी पलते हैं।'

'बड़ों से बात करने का सलीका समझ लो, ओछी सोच घर बिगाड़ देती है। मानती हूँ, मेरा जाया भी बददिमाग है। उसे भी आगे के बारे में कुछ नहीं सूझ रहा लेकिन कम तुम भी नहीं हो ! तुम पर जब क्रोध हावी होता है, तुम चुडैल दिखाई देती हो। और गालियाँ बकती हो तो असहनीय हो जाता है। अभी वक्त है, सुधर जाओ। अपना घर खराब मत करो। अहंकार का त्याग कर डालो और गृहस्थ बनकर जीना सीख लो?'

दिव्या चींखी- 'ना घर बसाऊँगी, ना तुम्हारे बेटे को तलाक दूँगी। वो रहे कहीं भी, मुझे उसकी परवाह नहीं। उसके साथ अब मेरा निबाह नहीं होगा। तुम्हारे भी नाक में दम रखूँगी और उसकी बहनों और रिश्तेदारों तक को परेशान करती रहूँगी। मुझे ढेरों तकलीफें उठानी पड़े लेकिन उसे अब इस घर में घुसने नहीं दूँगी। प्राइवेट स्कूल से सरकारी स्कूल में बच्चों को चाहे भर्ती कराना पड़े, लेकिन तुम्हारे लिए दिल में रहम नहीं रखूँगी। ऐसा पति जो मेरी ना सुने, मुझे नहीं चाहिए।'

शैलेंद्र सरकारी स्कूल में टीचर थे। कुछ दिन बीते कि एक रोज दिव्या शैलेंद्र के स्कूल पहुँच गई। इत्तफाक कि उस दिन शैलेंद्र स्कूल नहीं आया था। उसकी जुबान खुल गई। प्रिंसिपल, स्टाफ के टीचर्स और एक-आध बाहरी लोगों के सामने वह खूब दहाड़ी। झूठे-सच्चे आरोप लगाकर उसने पति की इज्जत को तार-तार कर दिया। लोग हैरान थे, उन्होंने तो सोचा भी नहीं था कि शैलेंद्र की पत्नी इतनी झगड़ालू और बदतमीज है। हालात में बजाए सुधार होने के और खराबी आ गई।

प्रिंसिपल से दिव्या ने कहा- 'शैलेंद्र की तनख्वाह मेरे बच्चों के स्कूली बैंक खातों में ट्राँसफर कर दिया करें।'

प्रिंसिपल बोले- 'यह मेरे बस में नहीं, तनख्वाह तो शैलेंद्र के बैंक खाते में ही जाएगी।' दिव्या दहाड़ी- 'लफंगा है वह। पूरे महीने की तनख्वाह को आवारागर्दी में खर्च कर डालता है।' शैलेंद्र की पत्नी के मुख से यह सब कहने का किसी को यकीन नहीं हुआ। फिर बोलने के लहजे पर आश्चर्यचकित भी सभी थे। प्रिंसिपल ने दो टूक कह दिया- 'आप कुछ भी कहें, शैलेंद्र की तनख्वाह तुम्हें नहीं दी जा सकती। तुम्हारा आपसी मनमुटाव क्या है, हमें उससे कोई मतलब नहीं।'

'कोर्ट अगर कहे, तब भी नहीं?' दिव्या बोली। 'कोर्ट का निर्देश तो मान्य होगा। वहाँ से अगर आदेश हुआ, तो देखेंगे। आगे क्या होना है, क्या नहीं, यह तो समय ही तय करेगा?' प्रिंसिपल ने स्पष्ट कर दिया। उसका अहंकार बाहर आया- 'मेरे पिता पुलिस में अफसर हैं। झूठे-सच्चे दोष मढ़कर मैं उसके पूरे परिवार को कुटवा दूँगी। तब तो, तनख्वाह मेरे बच्चों के खाते में आएगी न?'

'नहीं, पुलिस के कहने से नहीं। कोर्ट अगर आदेश करे तो मुमकिन है। पुलिस के लिखे को हम नहीं मानेंगे। आपको इसके बारे में ज्ञान नहीं है। यह सरकारी महकमा है, यहाँ सब काम नियम के हिसाब से होते हैं।' प्रिंसिपल बोले।

'मैं पहले पुलिस में रिपोर्ट करती हूँ, फिर देखा जाएगा कि आप क्या मानेंगे और क्या नहीं। अब मुझे उसके साथ नहीं रहना है। हाँ, बच्चे पैदा किए हैं, मुझसे शादी की है, तो उसे खर्चा तो देना ही पड़ेगा?'

एक बुजुर्ग टीचर कहने लगे- 'शैलेंद्र से नहीं बनती तो अलग हो जाओ, तलाक ले लो। बच्चों को खुद पाल सकते हो तो ठीक, नहीं तो कस्टडी पिता पर छोड़ो।'

'ज्ञान मत बाँटो, मुझे जो करना है, वही मैं करूँगी। और शैलेंद्र आए तो उसे कह भी देना- 'आखिरी छोर तक पीछा नहीं छोड़ने वाली। तेरे माँ-बाप, तेरी बहनें और रिश्तेदारों तक को फँसाकर रहूँगी।' और दहाड़ती हुई वह चली गई।

शैलेंद्र और दिव्या क्रोध की अग्नि में ऐसे झुलसे कि चेहरे और अंतस पर झुलसने के निशान साफ दिखाई पड़ने लगे। शैलेंद्र के माँ-पिता ने स्वयं को निपूता मान लिया और घर-बार बेचकर किसी दूसरे शहर में जा बसे। दोनों लड़कियाँ उनकी देखभाल करती रही। झगड़े हुए, फसाद बढ़े, कोर्ट-कचहरी भी हुआ लेकिन फैसला सहज नहीं हो सका, पूरे दस साल बीत गए।

एक दिन, गर्मी की दोपहर थी। मोटर-साइकिल पर शैलेंद्र स्कूल से घर लौट रहा था। मंथन में विगत प्रभावी था। अकस्मात हृदय की गति बढ़ी और मोटर-साइकिल समेत वह खाई में जा गिरा। सांसों की ड़ोर छूट गई। अंत समय, ना माँ-बाप पास में थे, ना बहनें, ना पत्नी, ना हीं बच्चे और ना कोई नाते-रिश्तेदार! जिस गाँव में रहते थे। वहीं पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दिव्या को पता चला तो एक बारगी वह काँप गई। लेकिन अहम पुनः आड़े आन खड़ा हुआ। फिर जाने अचानक क्या हुआ कि वह हँसती चली गई। उसे खुद का होश नहीं रहा। दिन बीते तो दिव्या भूल गई कि कहाँ उसका घर है, कहाँ बसेरा है। कुछ समय तक तो बच्चे उसे ढूँढकर घर लाते रहे लेकिन बाद के दिनों में, उन्होंने भी उसे उसी के हाल पर छोड़ दिया।

दिव्या जब अट्हास करती है, दिशाएँ गूँजने लगती हैं लेकिन अब, कोई सुनने वाला पास में नहीं है। ना उसके पिता को कुछ फर्क पड़ा और ना ही माँ को। कभी वह रो देती है और कभी सिसकती है।

उस सिसकन में, उसका विगत उसे मुँह चिढ़ाता है। राह चलते लोग उसकी तरफ से मुँह फेर लेते हैं।

कविता | नरेश शांडिल्य

## चांद पर तितली



*कैसी प्यारी लग रही है चाँद पर तितली*
*इक परी-सी लग रही है चाँद पर तितली*

*आसमानी-सी ग़ज़ल में चाँद ऊला-सा*
*उसका सानी लग रही है चाँद पर तितली*

*चाँद के सँग चाँदनी के शुभ-शगुन जैसी*
*'फेंग्शुई'-सी लग रही है चाँद पर तितली*

*तीरगी का गहरा सागर, चाँद कश्ती-सा*
*उसका माँझी लग रही है चाँद पर तितली*

*देखकर अनगिन सितारे अपने चारों ओर*
*खोई-खोई लग रही है चाँद पर तितली*

कविता | वीरेंद्र मधुर

## ये भारत की शान है प्यारे



*ये भारत की शान है प्यारे इसके रंग सुहाने,*
*सत्य सनातन की गाथा को विश्व लगा दोहराने।*

*ये भगीरथ के जप तप का पावन गंगा तट है,*
*ये अमृत की बूंदों वाली महादेव की लट है।*
*भक्ति में शक्ति पाने को गंगा चलो नहाने।*

*वर्षों की घनघोर प्रतिक्षा संतों ने की चिंता,*
*धर्म बचाने की कोशिश में पाई भिक्षा दीक्षा।*
*भारत की स्वर्णिम राहों पर गाओ नए तराने।*

*दिव्य देव दर्शन में उमड़े सत्य सनातन लोग,*
*मधुर मौसमी चली हवाएं बना ग्रह संयोग।*
*राम कृष्ण की धरती पर नए बसंत को जाने।।*

कविता | प्रो. प्रविंद्र बांगड़

## कोई अनबन नहीं है



कोई अनबन नहीं है हम में, बस अब मन नहीं है।

न कोई शिकवा, न कोई गिला, बस मन का हाल बदला मिला।
न दूरियाँ बढ़ीं, न नजदीकियाँ हुई कम, बस एहसास हो गए हैं कुछ मद्धम।

एक दिल था जो हँसता बहुत था, वो भी अब कहीं खो गया।
जो प्यार था कभी हमारा, वो भी अब हमसे कहीं खो गया।

तुमसे कोई शिकायत नहीं, न ही कोई अधूरी चाहत रही।
मैं खुद को ही समझ रहा हूँ, ख़ामोशी से कुछ ढूंढ रहा हूँ।

रिश्तों को अब जबरन थामना नहीं,जो बह जाए, उसे रोकना नहीं।
भावनाएँ वैसी ही हैं बदलती नहीं, पर राहें भी तो पहले जैसी नहीं।

अब न कोई उलझन, न कोई भार, अब बस मन उलझा और लाचार।
जो बीत गया, वो सपना सही, अब खुद को पाने की यात्रा सही।

बस अब खुद को पहचानना है , अब खुद से सब सुलझाना है।

लघु कथा | कुसुम

## एक अनमोल रिश्ता



छोटे से गाँव की एक लड़की थी, जिसे शिक्षक शब्द से बेहद लगाव था। उसे पढ़ाई का शौक था, मगर संसाधनों की कमी और हालातों के चलते मुश्किल से बी.ए. में दाखिला मिल पाया। पहले साल तो वह कॉलेज जाती रही, मगर फिर कोरोना महामारी ने सब कुछ ठहर सा दिया। महीनों तक ऑनलाइन क्लास चलीं, लेकिन जब हालात सामान्य हुए, तो कॉलेज फिर से खुल गए। कॉलेज का पहला ही दिन था जब उसे पता चला कि इंग्लिश की एक नई मैम ने जॉइन किया है। पहले पीरियड में वही क्लास लेने आईं। गाँव से आई लड़की की अंग्रेज़ी थोड़ी कमजोर थी, मगर समझने की कोशिश करती थी। पहली ही क्लास में जब मैम ने धाराप्रवाह अंग्रेज़ी में पढ़ाना शुरू किया, तो उसे लगा कि यह विषय उसके लिए कठिन होने वाला है। घबराहट में वह हेड टीचर के पास भी चली गई कि उसके लिए किसी और शिक्षक को लगा दिया जाए। मगर एक ही दिन में ऐसा संभव नहीं था, और क्लास जारी रही। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, लड़की को इंग्लिश मैम की क्लास में मज़ा आने लगा। उनके पढ़ाने का तरीका अलग था-सरल, रोचक और प्रेरणादायक। धीरे-धीरे लड़की को अहसास हुआ कि यह विषय मुश्किल नहीं, बल्कि बेहद सुंदर और समझने योग्य है। मैम सिर्फ़ एक शिक्षिका नहीं रहीं, बल्कि उसकी सबसे पसंदीदा टीचर बन गईं। अब वह बेसब्री से उनके पीरियड का इंतजार करने लगी।

ऐसा लगता मानो समय ठहर जाए और वह बस सुनती ही रहे। समय अपनी रफ़्तार से बढ़ता रहा, और देखते ही देखते बी.ए. का आखिरी सेमेस्टर भी आ गया। पूरे कॉलेज में फेयरवेल पार्टी की तैयारियाँ चल रही थीं। मगर इस खुशी के माहौल में लड़की के दिल में अजीब सी उदासी थी। आख़िरी दिन जब मैम क्लास में आईं, तो पूरी कक्षा भावुक हो गई। किसी की आँखों में खुशी थी, तो किसी की आँखों में आँसू। मैम ने सबको ढेरों शुभकामनाएँ दीं। वह दिन बीत गया, मगर रिश्ते नहीं। लड़की और उसकी पसंदीदा टीचर के बीच का संबंध समय के साथ और भी गहरा होता गया। अब हर सुबह एक मैसेज दोनों तरफ़ से आता-'गुड मॉर्निंग, मैम!' गुड मॉर्निंग बच्चें' यह केवल शब्द नहीं थे, बल्कि उस निस्वार्थ प्रेम और समर्पण का प्रतीक थे, जो एक शिक्षक और शिष्य के बीच होता है। क्योंकि कुछ रिश्ते किताबों के पन्नों की तरह होते हैं, जो भले ही बंद हो जाएँ, मगर उनकी यादें हमेशा दिल में बसी रहती हैं...।

**आधुनिक युग में साहित्य के सामने चुनौतियों को लेकर डा. संतोष गर्ग का कहना है कि वर्तमान में साहित्य की स्थिति बहुत अच्छी है। हालांकि मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल ज्यादा हो रहा है। बदलते परिवेश में साहित्य के स्वरूप को भी बदलना जरूरी है। मसलन युवा पीढ़ी को साहित्य के प्रति आकर्षित करने के लिए लंबी रचनाओं के बजाए लघु और उनके अर्थ को समझने वाली सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए।**

साक्षात्कार | ओ.पी पाल

# समाज सेवा के भाव से साहित्य संवर्धन आवश्यक : संतोष गर्ग

सामाजिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता के हित में साहित्य को अहम माना गया है। मूर्धन्य विद्वान भी साहित्य की समाज का दर्पण के रूप में व्याख्या करते रहे हैं। ऐसी ही एक प्रख्यात कवयित्री, लघुकथाकार, बाल उपन्यासकार और कहानीकार के रूप में डा. संतोष गर्ग ने अपनी लेखनी से हिंदी साहित्य को एक नया आयाम देकर साहित्य जगत में लोकप्रियता हासिल की है। उनकी साहित्यिक रचनाओं में नारी सशक्तिकरण, आध्यात्म, समाज सुधार और बाल साहित्य जैसे विषयों का समावेश शामिल है। उन्होंने हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी और अंग्रेज़ी भाषाओं की ज्ञाता संतोष गर्ग ने सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रीयता से समाज को एक सकारात्मक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया।

साहित्य और समाज में अपने ऐतिहासिक रूप से योगदान दे रही महिला साहित्यकार डा. संतोष गर्ग ने अपने साहित्यिक और सामाजिक सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से बातचीत में कई ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनका मानना है कि साहित्य संवर्धन समाज सेवा के भाव से हो तो उसका संस्कृति और संस्कारों को जीवंत रखने के लिए ज्यादा महत्व है। डा. संतोष गर्ग जन्म 12 नवंबर 1960 को पंजाब के बुढ़लाड़ा के एक संयुक्त परिवार में रूलदू राम सिंगला और देवकी देवी के घर में हुआ। परिवार में किसी तरह का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। बकौल संतोष गर्ग उनकी शादी 17 साल की उम्र में 23 अप्रैल 1978 को हरियाणा के कलायत गांव में हो गई थी। शादी से पहले वह सिर्फ 11वीं कक्षा पास की थी और बाकी उच्च शिक्षा शादी के बाद ग्रहण की। शादी के बाद कलायत गांव से वह अपने पति के साथ हिसार आकर रहने लगी, जहां उनके पति की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में प्रोफेसर के रूप में नई नई नौकरी लगी थी, वहीं से वे अब प्रोफेसर एंड हैड पद से सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। वह साल 2012 से अपने बच्चों के साथ मोहाली में रह रही हैं। हरेक क्षेत्र की तरह साहित्यिक सफर में उतार चढ़ाव सभी के सामने आते हैं। उनके सामने भी बच्चों के भविष्य को लेकर चुनौतियां थी और परिवार की जिम्मेदारियां थी। इसके बावजूद साहित्यिक कार्यक्रमों में भाग लेती रही। हिंदी व पंजाबी के अलावा हरियाणवी भाषा में भी उन्होंने कुछ रचनाएं लिखी हैं। अपने साहित्यिक सफर में अब तक हिंदी भाषा में निरन्तर कवि गोष्ठियों, कवि सम्मेलनों का आयोजन भी कराती आ रही हैं। वह अखिल भारतीय साहित्य परिषद में हरियाणा प्रांत की उपाध्यक्ष, और राष्ट्रीय कवि संगम में 2016 से ट्राई सिटी चंडीगढ़ के अध्यक्ष पद पर लगातार सक्रिय हैं। वे एक फैशन डिजाइनर होने के साथ योगा व नेच्युरोपैथी चिकित्सक भी हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

संतोष गर्ग की प्रकाशित 19 पुस्तकों में चार काव्य संग्रह-दिल मुट्ठी में, सूख गए नैनन के आँसू, शब्दों को विश्राम कहाँ और बाल काव्य संग्रह 'कागज़ की नाव', एक बाल उपन्यास नानी, निक्की और कुंभ' व काव्य संकलन ' दुनिया गोल मटोल' के अलावा 'हर मन तिरंगा, पिता होते हैं पर्वत से, कोरोना काल कवियों के झरोखे, लघुकथाएं अपनी-अपनी सोच, लघुकथा संग्रह 'लघुता कुछ कहती है' सुर्खियों में हैं। वहीं 'यात्रा गुरू के गाँव की', 'मानस मोती', 'पंचामृत', 'सहस्त्रमानक', 'संवाद' और सनातन-वार्ता पुस्तकें भी लिखी हैं।



संतोष गर्ग

### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी से आध्यात्म पुस्तक सनातन-वार्ता के लिए श्रेष्ठ कृति पुरस्कार के अलावा संतोष गर्ग को महादेवी वर्मा कविता गौरव सम्मान, साहित्य सम्मेलन शताब्दी सम्मान, गुरु रविंद्र नाथ टैगोर सम्मान, लघुकथा स्वर्ण सम्मान, पावरफुल वूमेन आफ हरियाणा अवार्ड, वूमैन एम्पावरमैंट अवार्ड, कोरोना योद्धा सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वहीं उन्हें दुबई में भारतीय प्रधान कौंसुलेट जनरल द्वारा भी सम्मान हासिल हुआ है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : संतोष गर्ग
**जन्मतिथि** : 12 नवंबर 1960
**जन्म स्थान** : बुढ़लाड़ा (पंजाब)
**शिक्षा** : बीए, योगा व नेच्युरोपैथी, फैशन डिजाइन
**संप्रति** : कवयित्री, लघुकथाकार, बाल उपन्यासकार, कहानीकार, मैनेजिंग डायरेक्टर(एन जी डायग्नोस्टिकस, पंचकूला)

### ऐसे शुरु हुआ साहित्यिक सफर

वे बताती हैं कि हिसार में रहते हुए अमृता प्रीतम, शिव कुमार बटालवी और ओशो की पुस्तकें पढ़ा करती थी। कई बार अपने मन के भाव भी डायरी में उतार लेती। एक तरह से मेरी साहित्यिक यात्रा 1988 में आरंभ हुई, जब मेरी दो कविताएं एक समाचार पत्र में पहली बार प्रकाशित हुई। इससे आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था। चूंकि पंजाब में शुद्ध पंजाबी बोली जाती है, जिसके कारण उनकी भाषा में कुछ पंजाबी के तो कुछ हिंदी के और कुछ शब्द हरियाणवी के भी आते हैं। रही बात हिंदी लिखने की, तो इसका श्रेय हिसार के साहित्यकारों को है। यह उनका सौभाग्य रहा कि उन्हें सर्वोदय भवन में हिसार के राज्यकवि प्रोफेसर उदयभानु हंस, डॉ राधेश्याम शुक्ल, सतीश कौशिक, राजेंद्र प्रसाद जैन, मदन गोपाल शास्त्री, प्रदीप नील जैसे विद्वानों को सुनने का अवसर मिलता रहा। इस बात का अहसान उन्हें भी नहीं हुआ कि कब हिंदी उनकी प्रिय भाषा बन गई। साहित्य जगत में उनकी सभी प्रकाशित पुस्तकें हिंदी भाषा में ही हैं और बहुत से सांझा संकलनों में भी रचनाएं प्रकाशित हैं। साल 1995 में उनकी पहली कृति के रुप में काव्य संग्रह 'दिल मुट्ठी में' प्रकाशित हुआ। फिर उन्होंने लघु कथा संग्रह और अन्य विधाओं में पुस्तकें लिखना शुरु किया। उन्होंने बताया कि उनका काव्य संग्रह सूख गए नैनन के आँसू' और डायरी के पन्ने 'मनांजलि' हरियाणा साहित्य अकादमी सौजन्य से प्रकाशित हुआ। साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने गद्य व पद्य दोनों विधाओं में ही रचनाएं लिखी हैं। कविताओं के अलावा लघु कथाए, कहानी, उपन्यास और बाल साहित्य भी लिखा है। उनके लेखन का फोकस ज्यादातर प्रेम, प्यार, विरहा, अध्यात्म, सेवा, संस्कारों पर रहा है। हालांकिं समाजिक सरोकार के मुद्दों पर भी कलम चलाई है, लेकिन राजनीति पर बहुत कम लिखा है।

# हास्य-व्यंग्य बोध से सराबोर 'दाढ़ी से बड़ी मूँछ'







**पुस्तक : दाढ़ी से बड़ी मूँछ**
**लेखक : प्रियदर्शी खैरा**
**मूल्य : 400 रुपये**
**प्रकाशक : भारतीय साहित्य संग्रह, कानपुर।**

पुस्तक समीक्षा | प्रमोद ताम्बट

हाल ही में प्रियदर्शी खैरा का नया व्यंग्य संकलन 'दाढ़ी से बड़ी मूँछ' भारतीय साहित्य संग्रह कानपुर से प्रकाशित हुआ है। दो दो स्वरनामधन्य व्यंग्याकारों प्रेम जनमेजय एवं पद्मश्री डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी की पृथक-पृथक भूमिकाओं से सजे इस व्यंग्य संकलन ने एक तरीके से लेखन की दुनिया में एक अलग लकीर खींच कर रख दी है, यह कहने में कोई गुरेज़ नहीं किया जाना चाहिए। जहां प्रेम जनमेजय कहते हैं कि ''उनकी रचनाओं में व्यंग्य लदकर नहीं आया है, सहज आया है'', वहीं डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी कहते हैं ''सहज होकर व्यंग्य भी लिखा जाए तो वह कितना अच्छा बन जाता है।' प्रियदर्शी खैरा का यह संकलन इन दोनों ही टिप्पणियों पर खरा उतरता है। श्री खैरा की व्यंग्य रचनाओं में वव्यंग्य भी उसी सहजता से आता है जितनी सहजता से हास्य। यह एक मणिकांचन संयोग की तरह होता है जो रचना की पठनीयता को निःसंदेह द्विगुणित कर देता है। इसे साध लेना वास्तव में बहुत कठिन होता है, यदि वह घुट्टी के साथ मिली हुई न पी रखी हो। श्री खैरा का बुंदेलखंड से लम्बा नाता रहा है इसलिए वहां का नैसर्गिक हास्य-व्यंग्य बोध उनकी रचनाओं में सहज प्रवाह की तरह चला आता है जिससे वे अपने रचनाकर्म को समृद्ध बनाते चलते हैं। पूरे संकलन की हरेक रचना में खैरा जी अपनी विशिष्ट खिलंदड़ी भाषा के माध्यम से अपने हास्य-व्यंग्य बोध का छिड़काव सा करते हुए चलते हैं। जिससे पहली ही रचना से संकलन के प्रति उत्सुकता का भाव पैदा होता है जो निश्चित ही पाठक को पूरा संकलन पढ़ा ले जाने के लिए मजबूर कर देता है। श्री खैरा लम्बे समय तक शासकीय विभाग में उच्चतम पद पर रहे हैं और उन्होंने इस दौरान व्यवस्था के छोटे से लेकर उच्च स्तर कर तक की इकाइयों को बहुत ही करीब से देखा है। किसी भी लेखक के पक्ष में यह महत्वपूर्ण बात होती है कि वह अपने जीवनानुभव को किस तरह से अपने रचना कर्म में लेकर आता है, श्री खैरा का रचनाकर्म इस मामले में काफी ईमानदार और प्रामाणिक प्रतीत होता है। व्यंग्य संकलन में कुछ 37 रचनाएं हैं। सभी रचनाएं लेखक के मृदुल हास्य एवं व्यंग्य बोध से सराबोर हैं जो मज़े-मज़े में गंभीर विसंगतियों का अहसास भी कराती चलती हैं। लेखक की रचनाएं व्यंग्य के मानदंडों पर भी खरी उतरती हैं, वे बहुत सहजता से व्यंजना, वक्रोक्ति, कटाक्ष, ह्यूमर, आयरनी, कामदी आदि व्यंग्य के हथियारों का उपयोग करते नज़र आते हैं। पुस्तक का कवर पेज अत्यंत साधारण है, इसे और ज्यादा कलात्मक बनाया जाता तो बेहतर होता।

# शहर में पानी की किल्लत, एक समय पर भी पर्याप्त नहीं मिल रही सप्लाई

## कई एरिया में तो पिछले 15 दिनों से दिक्कतें चल रही, लोग परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में पीने के पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। कई कॉलोनियों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कई एरिया में तो पिछले 15 दिनों से दिक्कतें चल रही है। बाबरा मोहल्ला, डेयरी मोहल्ला, तेज कॉलोनी, माता दरवाजा, सुखपुरा चौक, हनुमान कॉलोनी, शास्त्री नगर, राजेंद्रा नगर, सूर्या नगर, बसंत विहार आदि ऐसी कई कॉलोनियां हैं जहां एक समय भी पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही। यहां पानी भी दूषित आ रहा था। इसके अलावा रैनकपुरा के लोगों को भी पीने का पानी लाने के लिए लम्बा सफर तय करना पड़ता है। रैनकपुरा के निवासी कई माह से बूस्टर शुरू करवाने की भी मांग उठा रहे हैं जिसके लिए वह जाम भी लगवा चुके हैं।

■ रैनकपुरा के लोगों को पीने का पानी लाने के लिए लम्बा सफर तय करना पड़ता है

इन कॉलोनियों के लोगों ने जिला प्रशासन एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जाए। वहीं अधिकारियों का कहना है कि नहर में पानी आने के बाद हालात सुधर जाएंगे और हर जगह पानी की सप्लाई की जाएगी।

# सब-जूनियर राज्य स्तरीय मिक्सड नेटबाल चैम्पियनशिप 21 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलिंगा भिवानी में आयोजित होगी प्रतियोगिता

जिला रोहतक नेटबॉल एसोसिएशन के प्रधान डॉ विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि प्रथम सब-जूनियर हरियाणा राज्य स्तरीय मिक्सड नेटबाल चैम्पियनशिप व तृतीय सब-जूनियर हरियाणा राज्य स्तरीय फास्ट फाइव नेटबाल चैम्पियनशिप (लड़के व लड़कियां) व तृतीय सिनियर हरियाणा राज्य स्तरीय फास्ट फाइव नेटबाल चैम्पियनशिप (पुरुष व महिला) 21 मार्च से 23 मार्च-2025 तक बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलिंगा भिवानी में आयोजित होगी।

इन चैम्पियनशिप में रोहतक नेटबाल टीमों सभी वर्गों में भाग लेंगी। इन चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल 18 मार्च को सायं 1:30 तक स्वामी नित्यानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्रह्मणवास, रोहतक में होगी, जिस खिलाड़ी का चयन होगा वह खिलाड़ी जिला रोहतक टीम कैंप का हिस्सा होगा। इस ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग लेगा तृतीय सब जूनियर फास्ट फाइव नेटबॉल के लिए 29 मार्च -2009 व प्रथम सब-जूनियर मिक्सड नेटबॉल के लिए 31 मार्च -2009 के बाद का जन्म हो और 2024-25 नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का रजिस्ट्रेशन नंबर अनिवार्य है। खिलाड़ी अपना जन्म प्रमाण-पत्र व आधार कार्ड साथ लेकर आए।

यह ट्रायल सिलेक्शन कमेटी की देखरेख में किया जाएगा। प्रथम सब जूनियर जिला रोहतक मिक्सड नेटबॉल चैम्पियनशिप व तृतीय सब-जूनियर जिला रोहतक फास्ट फाइव नेटबॉल चैम्पियनशिप (लड़के व लड़कीयों)व तृतीय सीनियर जिला रोहतक फास्ट फाइव नेटबॉल चैम्पियनशिप (पुरुष व महिला) जो दिनांक 17 से 18 मार्च-2025 को स्वामी नित्यानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्रह्मणवास रोहतक में आयोजित होने जा रही है इन चैम्पियनशिप में ब्लॉकों की बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और तृतीय सब जूनियर फास्ट फाइव नेटबॉल के लिए 29 मार्च -2009 व प्रथम सब-जूनियर मिक्सड नेटबॉल के लिए 31 मार्च -2009 के बाद का जन्म हो और 2024-25 नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का रजिस्ट्रेशन नंबर अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप



### चोरी करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मंदिर से लोहे के सरिया चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक निवासी विकास नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। चिंतपूर्णी भवन निवासी सुभाष ने गत 15 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि मंदिर में निर्माण कार्य चल रहा है। गत 15 को रात करीब ढाई बजे एक युवक मंदिर की दीवार लांघ कर मंदिर में घुस गया। उसने परिसर से लोहे के सरिए सरकारी मकान की तरफ फेंकते हुए देखा गया। लोगों ने उसे काबू कर लिया। उसके पास चोरी किए सरिए को बरामद कर लिया। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही सुशील की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### कहासुनी की रंजिश में युवक को पीटा

**गोहाना।** गांव बीधल में एक युवक को कहासुनी की रंजिश में पीट दिया गया। उसे नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। हरबीर ने पुलिस को बताया कि वह गाड़ियों में डेकोरेशन का काम करता है। वह बाइक पर चाचा अनिल को उनके घर छोड़ कर वापस आ रहा था। रास्ते में तरूण, दीपक, जोनी, नितिन व मोनू मिले और उसका रास्ता रोक लिया। उसे कहा कि जब दीपक के साथ कहासुनी व झगड़ा हुआ था तू बच गया था। इतना कहकर उससे मारपीट शुरू कर दी। उसने शोर मचाया तो आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### गांव भिगान में घर से चार मवेशी चोरी

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव भिगान में बैंक कर्मचारी के घर से चार मवेशियों के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भिगान निवासी लक्ष्य शर्मा ने बताया कि उसके घर के पास ही पशुबाड़ा है। जहां वह अपने पशु बांधते है। गत शनिवार की रात को उन्होंने बाड़े में पशु बांधे थे। सुबह उठकर चारा-पानी डालने के लिए गए तो वहां पर दो भैंस, एक कटड़ा और कटड़ी नहीं मिले। अपने स्तर पर पशुओं की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। रात को मवेशियों को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई सुशील ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाएगी। जल्द ही चोरों का पता लगाकर मवेशी बरामद कर लिए जाएंगे। जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।




### पेड़ काटकर चोरी करने पर मामला दर्ज

**गोहाना।** गांव छपरा से खेत से पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए। इस संबंध में बरोदा थाना में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। शहर के सेक्टर सात में रहने वाले महिपाल ने पुलिस को बताया कि उसका पैतृक गांव छपरा है। वहां पर उसने अपनी कृषि भूमि के सात एकड़ में पेड़ लगवा रखे हैं। शनिवार रात को उसके खेत से लगभग पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए।

# गन्नौर में दुकानों के सामने जमा दूषित पानी बना मुसीबत, समाधान की मांग

■ आरोप है कि कई बार सीएम विंडो पर शिकायत देने के बाद भी कोई समाधान नही हो रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। नगरपालिका के खिलाफ रोष जताते हुए स्थानीय दुकानदार।

बेगा रोड पर नालों की सफाई न होने के कारण नाले ओवरफ्लो हो गए हैं, जिससे सड़क पर दूषित पानी भर गया है। इस समस्या के कारण वाहन चालक और दुकानदार प्रभावित हो रहे हैं। दुकानों के सामने भरे दूषित पानी से व्यापार पर असर पड़ रहा है। हर समय दूषित जमा पानी से बदबू आती रहती है और बीमारी होने का खतरा बना रहता है। दुकानदार राकेश, सुरेंद्र छिक्कारा, मुन्ना, आर्यन, सजंय, आशु व सचिन ने बताया कि बेगा रोड़ पर कई महीनों से नालों की सफाई नहीं हुई है। जिससे ओवरफ्लो हुए नालों का दूषित पानी सड़कों पर जमा हो गया है। पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने बताया कि वह इस बारे में नगरपालिका सफाई निरीक्षक पोषण मलिक को भी अवगत करवा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। सफाई निरीक्षक उन्हें यह कह कर भेज देते है कि उनके पास पर्याप्त सफाई कर्मचारी नही है। आरोप है कि कई बार सीएम विंडो पर शिकायत देने के बाद भी कोई समाधान नही हो रहा। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका से जल्द से जल्द बेगा रोड पर नालों की सफाई कराकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# कार ने महिला को चपेट में लिया बिजली के खंभे से जा टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सिविल लाइन थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने महिला को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार चालक ने भागने का प्रयास किया। जहां वह बिजली के पोल से जा टकराया। कार की टक्कर लगने से पोल टूटकर कार पर गिर गया। कार में सवार चालक बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने चालक को कार से बाहर निकाला। कार चालक ने अपनी पहचान पटेल नगर के रहने वाले जतिन के रूप में दी। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपित कार चालक के खिलाफ मुकउमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शिव मंदिर पटेल नगर निवासी रविंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात वह अपनी सास राजबाला के साथ मकान के गेट पर बैठे हुए थे। उसकी पत्नी ललिता गली में मंदिर की तरफ दुकान पर सब्जी लेने जा रही थी। उसी समय पीछे से एक युवक अपनी कार को बड़ी तेज गति और लापरवाही से चलाता हुआ आया। कार ने उसकी पत्नी ललिता को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ललिता गली में गिर गई। हादसे के बाद चालक ने कार को तेज चलाकर भागने की कोशिश की, लेकिन कार की गली में लगे बिजली के खंभे में सीधी टक्कर मार दी। खंभे में टक्कर लगने के बाद खंभा कार के ऊपर ही गिर गया। जिसके चलते कार रुक गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कार सवार को लोगों ने बाहर निकाला। उसने अपनी पहचान पटेल नगर की गली नंबर-3 के रहने वाले जतिन के रूप में दी। इसके बाद वह अपनी पत्नी को शहर के निजी अस्पताल में लेकर गए।

## खेड़ी मनाजात में वारदात, घर में घुसकर युवक पर हमला

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी मनाजात में युवकों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज करने के बाद घर में घुसकर युवक पर हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। झगड़े की आवाज सुनकर पहुंचे पड़ोसी व युवक के पिता पर हमलावरों ने हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में लाया गया, जहां एक को खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गांव खेड़ी मनाजात निवासी दीपक ने बताया कि गत शुक्रवार को वह गांव के ही रहने वाले रवि के साथ सफियाबाद रोड पर अंडरपास के पास खड़े थे। इसी बीच फुफेरा भाई सुशील और गांव का रहने वाला अपीन भी उनके पास आ गए। इसी दौरान गांव का रहने वाला अमित शराब के नशे में वहां आया। उसने अपीन के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज दी और थप्पड़ मार दिया। दीपक का कहना है कि उसने बीच-बचाव करवा दिया। जिस पर अमित ने उसे धमकी दी। रात करीब पौने नौ बजे वह अपीन, विकास और मनीष के साथ घर पर बैठा था तो अमित, उसका भाई सन्नी, पारस, अमन और लोकेश उनके घर में घुस आए। अमित के हाथ में लकड़ी काटने का दात था।

# पानीपत से हथियार लाया था भाजपा नेता का हत्यारोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा के मुंडलाना मंडल के अध्यक्ष एवं गांव जवाहरा के सुरेंद्र नंबरदार की हत्या में आरोपित मनु को पुलिस ने रविवार को न्यायालय में पेश किया। उसे न्यायालय के आदेश पर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित पानीपत में रहने वाले रिश्तेदार से अवैध हथियार लेकर आया था, जिससे उसने वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार रात को सुरेंद्र नंबरदार अपनी पत्नी कोमल के साथ पशुबाड़े से घर की तरफ आ रहे थे। उनके साथ पड़ोसी सुल्तान भी थे। रास्ते में मनु ने सुरेंद्र नंबरदार को घेर लिया और उनके सिर व पेट में गोली मारकर हत्या कर दी थी। भाजपा नेता ने लगभग तीन साल पहले गांव के मनु के ताऊ के लड़के और बुआ की जमीन खरीदी थी। मनु और उसके स्वजन इससे नाराज थे। नंबरदार से मनु बार-बार जमीन वापस करने की मांग रहा था। जब जमीन वापस नहीं दी तो इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया। एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि आरोपित मनु को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। उसने पानीपत से हथियार लाने की बात कबूली।

# बड़ौली में महिला को पीटा, धारदार हथियार से हमला, बेटियों से भी मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ गांव के ही पड़ोस में रहने वाने युवकों पर आरोप

■ महिला के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज किया

■ शोर मचाने पर आरोपित उनको जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बड़ौली में घर में घुसकर महिला पर हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला की बेटियों के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

पुलिस ने आरोपित तीन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बड़ौली निवासी गीता ने बताया कि वह शुक्रवार को अपने घर थी। रात करीब साढ़े आठ बजे पड़ोसी राहुल, दीपक, दीपांशु और नानू उनके घर में घुस आए। आरोपितों ने आते ही उसके पैर पर लोहे की राड मारी। इसी दौरान एक आरोपित ने कमर पर तेजधार हथियार से वार कर दिया। उसकी बेटी निशा और कोमल बचाने आई तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपित उनको जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उपचार के लिए उसे परिजन अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# केमिस्ट एसो. के प्रदेश संगठन सचिव बने प्रदीप चहल



**गोहाना।** हरियाणा केमिस्ट एंड ड्रग एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक कुरुक्षेत्र में हुई। गोहाना के केमिस्ट प्रदीप चहल को सर्वसम्मति से एसोसिएशन में प्रदेश के संगठन सचिव चुने गए। प्रदीप पहल केमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन गोहाना के अध्यक्ष भी हैं। इससे पहले भी वे संगठन में विभिन्न पदों का दायित्व निभा चुके हैं। उनके प्रयास से गोहाना में केमिस्ट चौक भी बनाया गया था।

## सोनीपत से 40, गोहाना से 45 आवेदन, आज नाम फाइनल होगा

# सोनीपत के बजाय गोहाना के नेताओं में भाजपा जिलाध्यक्ष बनने की इच्छा ज्यादा, 85 नाम आए

■ देर शाम तक छंटनी का काम चला, सभी आवेदन सही पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी ने जिलाध्यक्षों के लिये चुनाव प्रक्रिया रविवार को शुरू कर दी, जिसका परिणाम सोमवार को आएगा। रविवार को जिलाध्यक्ष पद के लिये इच्छुक कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगें गए। जिसके तहत रविवार को कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 7 स्थित भाजपा कार्यालय में अपने आवेदन जमा करवाए।

दोपहर बाद दो बजे तक आवेदन जमा करवाने का समय रखा गया था। इस समय तक कुल 85 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें से 40 आवेदन सोनीपत के लिये तो 45 आवेदन गोहाना के लिये प्राप्त किए गए। देर शाम तक आवेदनों की छंटनी का कार्य किया गया। हालांकि छंटनी में सभी आवेदन सही पाए गए। बताया गया है कि अब सोमवार को शीर्ष नेतृत्व के साथ सलाह करने के उपरांत जिलाध्यक्ष का नाम फाइनल कर दिया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया का नेतृत्व चुनाव अधिकारी अशोक गुज्जर (पूर्व जिलाध्यक्ष कैथल) व जिला प्रभारी सतीश नांदल ने किया।

### गोहाना अलग जिला होगा, शुरू चर्चा हुई

वैसे तो गोहाना सोनीपत जिले का ही हिस्सा है, लेकिन भाजपा ने संगठन स्तर पर बदलाव करते हुए अब गोहाना को अलग से जिला बना दिया है। मतलब ये है कि इस बार गोहाना का जिलध्यक्ष अलग होगा और सोनीपत का अलग होगा। भाजपा द्वारा संगठन स्तर पर गोहाना को अलग से जिला बनाए जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी गोहाना को अलग से जिला बनाए जाने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जानकारों का मानना है कि भविष्य को देखते हुए भाजपा ने तैयारी की है, जिसके तहत गोहाना को अलग जिलाध्यक्ष दिया जा रहा है।

# नहर पर टूटी सड़क के पास ग्रिल लगाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



जिले में सड़क सुरक्षा की गंभीर स्थिति को लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने नहर पर बनी सड़क के बीच में हुए बड़े गड्ढे को लेकर प्रदर्शन किया था। उनकी इस कार्रवाई के बाद प्रशासन हरकत में आया और नहर के पुल पर लोहे की ग्रिल लगाने का कार्य शुरू किया गया। जिला पार्षद बड़वासनिया ने बताया कि नहर के पुलों पर ग्रिल नहीं होने की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। कई लोग नहर में गिर चुके हैं, जिससे कई मौतें भी हो चुकी हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सभी पुलों और सड़कों पर सुरक्षा के लिए लोहे की ग्रिल अनिवार्य रूप से लगाई जाए। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि अगर समय रहते सड़क और पुलों पर सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो बड़े हादसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह नहर के सभी पुलों और सड़कों पर सुरक्षा उपाय करें ताकि आम जनता सुरक्षित रह सके। इस प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लिया।

# अब अनिल रोहिल्ला होंगे नोडल अधिकारी

**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के बीच में विभाग ने अब जिला नोडल अधिकारी वीरेंद्र ढुल को बदल दिया है, उनके स्थान पर अब अनिल रोहिल्ला को नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी बदले जाने के पीछे अधिकारी विभागीय कारण बता रहे हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं में नकल व बाहरी हस्तक्षेप के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। बोर्ड की उड़नदस्ता टीम ने बोर्ड परीक्षा के दौरान चार विद्यार्थियों को नकल करते पकड़े जाने पर यूएमसी बनाए हैं।



## खबर संक्षेप

### बलियाणा में मकान से कैश और जेवर चोरी

**रोहतक।** चोरों ने बलियाणा में मकान से कैश और जेवर चोरी कर लिए। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में राजबीर ने बताया कि 15 मार्च को वह घर पर थे और परिवार के अन्य सदस्य काम से बाहर गए हुए थे। वह रात को मकान में सो रहे थे, कमरे का गेट खुला हुआ था। जब सुबह सात बजे आंख खुली तो देखा कि सामान बिखरा हुआ है और मोबाइल फोन गायब है। दूसरे कमरे में जाकर देखा तो एलईडी, संदूक से 50 हजार, सोने चांदी के जेवर आदि चोरी हो चुके थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### कहासुनी की रंजिश में युवक को पीटा

**गोहाना।** गांव बीधल में एक युवक को कहासुनी की रंजिश में पीट दिया गया। उसे नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। हरबीर ने पुलिस को बताया कि वह गाड़ियों में डेकोरेशन का काम करता है। वह बाइक पर चाचा अनिल को उनके घर छोड़ कर वापस आ रहा था। रास्ते में तरूण, दीपक, जोनी, नितिन व मोनू मिले और उसका रास्ता रोक लिया। उसे कहा कि जब दीपक के साथ कहासुनी व झगड़ा हुआ था तू बच गया था। इतना कहकर उससे मारपीट शुरू कर दी। उसने शोर मचाया तो आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### घर में घुसकर महिला पर धारदार हथियार से हमला

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बड़ौली में घर में घुसकर महिला पर हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला की बेटियों के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने आरोपित तीन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बड़ौली निवासी गीता ने बताया कि वह शुक्रवार को अपने घर थी।

लाइन मरम्मत समेत दूसरे काम करेगा निगम, निर्धारित समय में शुरू होगी आपूर्ति

# डीएलएफ कॉलोनी समेत कई रिहायशी क्षेत्रों में आज घंटों तक बिजली रहेगी बंद

- बिजली वितरण निगम कई दिनों से कर रहा कार्य
- मरम्मत में तय समय से ज्यादा समय लगता है तो बिजली आपूर्ति में हो सकती है देरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। अधीक्षक अभियंता मनिंदर सिंह और बिजली निगम कार्यालय।

अब अगले कुछेक दिनों में ही गर्मी का एहसास होने लगेगा। ये भी संभव है कि मार्च के अंत तक गर्मी चरम पर भी पहुंच जाए। भीषण गर्मी का दौर शुरू होगा तो ये भी स्वभाविक है कि बिजली की खपत बढ़ेगी। खपत बढ़ने का असर बिजली लाइनों पर भी पड़ेगा। इसको लेकर बिजली वितरण निगम कई दिन से काम कर रहा है। सोमवार को भी कई और लाइनों को दुरूस्त किया जाएगा। जिसकी वजह से कई रिहायशी क्षेत्रों में अलग-अलग समय बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। निगम का उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे इस दौरान संयम बरते। अधिकारियों का कहना है कि जो शेड्यूल फीडर बंद करने का निर्धारित किया गया है, उसके मुताबिक ही काम पूरा करके पॉवर आपूर्ति प्रारंभ करवा दी जाएगी। अफसरों ने ये भी बताया कि जिस इलाके की लाइनों में तय समय ज्यादा समय लगता है तो वहां बिजली आपूर्ति में थोड़ी बहुत देरी हो सकती है।

### संयम बनाए रखने की अपील

निगम प्रवक्ता के अनुसार सोमवार को 33 केवी न्यू ग्रेन मार्केट पावर हाउस को शेड्यूल मरम्मत के कार्य के लिए सुबह 9-00 बजे से 12-00बजे तक बंद रखा जाएगा। इसके कारण वैश्य कॉलेज,नया पड़ाव,अग्रसेन कॉलोनी,जनता कॉलोनी, कच्चा बेरी रोड ,न्यू जनता कॉलोनी, सुनारिया रोड,श्रीराम नगर,हरी सिंह कॉलोनी,कुंज विहार,नई अनाज मंडी,नई सब्जी मंडी,शुगर मिल कॉलोनी,अजीत कॉलोनी,राजेंद्र कॉलोनी,पालिका कॉलोनी,रेलवे फीडर, मेन डिस्पोजल फीडर इत्यादि की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। प्रवक्ता ने उपभोक्ताओं से बिजली बंद होने के दौरान संयम बनाए रखने की अपील की जाती है।

### इन जगहों पर भी बिजली रहेगी बाधित

निगम ने बताया कि लाइनों की मरम्मत के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक 11 केवी डीएलएफ फीडर की सामान्य मरम्मत के कार्य के लिए बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसके चलते डीएलएफ कॉलोनी , दिल्ली रोड व अशोका प्लाजा के निकट का कुछ क्षेत्र, जगदीश कालोनी का कुछ एरिया, पुरानी आईटीआई के निकट का क्षेत्र, डीएलएफ पार्क के निकट का क्षेत्र, सरकुलर रोड का भी कुछ एरिया में तीन घंटे तक पॉवर कट रहेगा।

इसी प्रकार सोमवार को ही 11 केवी पीजीआई कॉलोनी फीडर की मरम्मत कार्य व ट्री ब्रांच कटिंग के कारण सुबह 09:30 बजे से लेकर दोपहर12:30 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। जिस के कारण गर्ल हॉस्टल-बॉयज हॉस्टल पीजीआई कैंपस कॉलोनी की सप्लाई बंद रहेगी। उपमंडल अधिकारी शहरी नंबर-1 के एसडीओ योगेश कुमार ने कहा कि कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि तय समय में काम पूरा करके बिजली आपूर्ति प्रारंभ करवाएं।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

## खो-खो में पुरुष वर्ग की टीम प्रथम व महिला की रही तृतीय



- फतेहाबाद के समान गांव में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फतेहाबाद के समान गांव में 15 से 16 मार्च को हुई हरियाणा राज्य खो खो प्रतियोगिता में रोहतक जिले की पुरुष टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। जिला रोहतक खो-खो संघ के महासचिव सुभाष रूहील ने पुरुष एवं महिला टीम को जीत के लिए बधाई दी। पुरुष टीम में आशीष, सिद्धार्थ राणा, गौरव, ध्रुव, विनय, रोहित, लक्ष्य, विनय ढाका, यश, अंकुर, दक्ष, राकेश, अमन, हर्ष और महिला टीम में सलोनी, प्रियांशी, खुशबू, इशिका, पारुल, नेहा, दीपिका, हिमांशी, गुंजन, ललिता, अंजली ने टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट कन्वीनर डॉ. मुन्नी जून भारतीय महिला टीम कोच, हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो संघ महासचिव महेंद्र कंबोज, बृजभान ने टीम को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। टीम की शानदार जीत पर संघ प्रधान उपेंद्र नैन, उप प्रधान समीर राणा, सह सचिव योगेश हुड्डा, कोच शिवकुमार, जसवंत हुड्डा, डॉ. रामकुमार ने खुशी जाहिर की।

## खेल नीति बदलकर खिलाड़ियों से किया अन्याय : दीपेंद्र हुड्डा

- बहलबा में आयोजित खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया है कि सरकार ने खेल नीति को बदलकर खिलाड़ियों के साथ अन्याय किया है। हरियाणा के हर गांव में खेल प्रतिभाएं हैं। लेकिन खिलाड़ियों को बढ़ावा देने की उपेक्षा की जा रही है। वे गांव बहलबा में आयोजित खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने खिलाड़ियों के हित में पदक लाओ- पद पाओ नीति लागू की। मेडल विजेता खिलाड़ियों को डीएसपी व अन्य सरकारी पदों पर नौकरियां दी गई। प्रदेश के युवाओं में खेल को करियर बनाने का नया जुनून तैयार हुआ था। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा। कांग्रेस में विपक्ष में है और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए सरकार पर काम करने का दबाव बनाया जाएगा।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने स्कूली बच्चों में शुरुआती उम्र से ही खेल प्रतिभा को निखारने के लिए स्पैट नीति बनाई, जिसके तहत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बच्चों को 2000 रुपये तक का मानदेय मिलता था। उन्होंने कहा कांग्रेस की सरकार ने ग्रामीण स्तर पर खेल स्टेडियमों की व्यवस्था की। इनमें कोच नियुक्ति किए। लेकिन अब प्रदेश में खिलाड़ियों को खेल सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रांतीय आचार्य घोष वर्ग का हुआ शुभारंभ

- शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रविवार को प्रांतीय आचार्य घोष वर्ग का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार एवं कार्यक्रम संयोजक मनजीत मलिक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वर्ग संयोजक मनजीत मलिक ने बताया कि विद्या भारती हरियाणा में केवल आचार्यों के लिए यह प्रथम वर्ग है, जिसमें छह संकुलो से 23 विद्यालयों का प्रतिनिधित्व रहा, जिसमें कुल 63 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस घोष वर्ग सात शिक्षकों ने शिक्षार्थी वर्ग को घोष वादन, अनुशासन, नेतृत्व विकास एवं सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा प्रदान करेगा। प्रशिक्षकों द्वारा घोष वादन की विभिन्न तकनीकों एवं शिक्षकों की भूमिका पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। विद्यालय के शिक्षकों ने भी भाग लिया। घोष वर्ग के माध्यम से शिक्षकों को नेतृत्व कौशल, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में निपुणता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### शिक्षकों को अवगत कराया

विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष कृष्ण गुप्ता ने अध्यक्षता की तथा मुख्य वक्ता विक्रम सह विभाग कार्यवाह रोहतक रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेविका समिति से संभाग प्रचारिका श्वेता, प्रांत कार्यालय प्रमुख सविता, प्रबंध समिति के सदस्य रमन, गोहाना विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, प्रधानाचार्य प्रमोद जी उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षकों को घोष वर्ग के महत्व से अवगत कराया और विद्यालय में इस तरह के आयोजनों की सराहना की। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक रामचरण सिंगला, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान ने शुभकामनाएं प्रेषित की।



### स्वयं सेविकाओं को बताया योग का महत्व

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयों द्वारा मायना में लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन सुबह के सत्र के दौरान स्वयं सेविकाओं को प्रार्थना के बाद योगाभ्यास करवाया गया। इसके बाद वॉलिंटियर्स ने पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। सायंकालीन सत्र के दौरान वॉलिंटियर्स ने तालाब का भ्रमण किया व तालाब के फायदे के बारे में जानकारी हासिल की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सांसद ने किया गांव मोखरा में विकास कार्यों का शुभारंभ

- 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाले रास्तों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

गांव डोभ में भी महिला पंचायत को किया संबोधित





महम। मोखरा गांव में विकास कार्यों का शुभारंभ करते व ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा।

राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगडा रविवार को हलका महम के गांव मोखरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाले रास्तों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने नारियल फोड़कर विकास कार्यों की शुरूआत की। सांसद रामचंद्र जांगडा ने कहा की आज प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में नान स्टॉप हरियाणा के मंत्र के साथ विकास कार्यो की बाढ़ सी आई हुई है। प्रदेश के हर कोने में तेज गति से कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विशेष तौर पर महम हलके पर मेहरबान हैं। उन्होंने कहा की कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार इतना चरम पर था कि केवल काग़ज़ों में काम होते थे और सारा पैसा खा जाते थे। परन्तु केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने पर एक एक पैसा विकास कार्यो पर खर्च हो रहा है। सांसद जांगड़ा ने इससे पूर्व गांव डोभ में भाजपा जिला सचिव सुनीता यादव द्वारा आयोजित महिला पंचायत को भी संबोधित किया। उन्होंने सुनीता यादव के सामाजिक कार्यो की सराहना की। गांव मोखरा में पूर्व सरपंच ओम सिंह ने परिवार सहित भाजपा पार्टी में आस्था जताई। सांसद ने उनका स्वागत किया और पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल कियाद्ध इस अवसर पर उनके साथ धर्मवीर खत्री, जस्सू नाई, मधुसूदन शर्मा, बलवान मोखरा, रामकृष्ण, जोनी व रणधीर बड़ाली समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चोरी करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मंदिर से लोहे के सरिया चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक निवासी विकास नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। चिंतपूर्णी भवन निवासी सुभाष ने गत 15 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि मंदिर में निर्माण कार्य चल रहा है। गत 15 को रात करीब ढाई बजे एक युवक मंदिर की दीवार लांघ कर मंदिर में घुस गया। उसने परिसर से लोहे के सरिए सरकारी मकान की तरफ फेंकते हुए देखा गया। लोगों ने उसे काबू कर लिया। उसके पास चोरी किए सरिए को बरामद कर लिया। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही सुशील की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया।

### गांव भिगान में घर से चार मवेशी चोरी

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव भिगान में बैंक कर्मचारी के घर से चार मवेशियों के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भिगान निवासी लक्ष्य शर्मा ने बताया कि उसके घर के पास ही पशुबाड़ा है। जहां वह अपने पशु बांधते है। गत शनिवार की रात को उन्होंने बाड़े में पशु बांधे थे। सुबह उठकर चारा-पानी डालने के लिए गए तो वहां पर दो भैंस, एक कटड़ा और कटड़ी नहीं मिले। अपने स्तर पर पशुओं की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। रात को मवेशियों को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

संकल्प | भैसरु खुर्द गांव में वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन

## सहरावत खाप ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने का लिया फैसला

खाप दहेज प्रथा, नशा, शादी और खुशी के दूसरे अवसरों पर डीजे बजाने के खिलाफ प्रदेश में अभियान चलाकर रोक लगाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला




रोहतक। भैंसरु में सहरावत खाप सम्मेलन में भाग लेते।

भैसरु खुर्द गांव में रविवार को सहरावत खाप का वार्षिक मिलन समारोह हुआ। जिसमें सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाने का फैसला लिया। खाप दहेज प्रथा, नशा, शादी और खुशी के दूसरे अवसरों पर डीजे बजाने के खिलाफ प्रदेश में अभियान चलाकर इस पर रोक लगाएगी। इन पर नियंत्रण के लिए निगरानी कमेटियों का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुजुर्ग सुभाषचंद्र ने की। सम्मेलन में आए खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि दहेज प्रथा के कारण लोग बेटियों को बोझ समझते हैं। जब दहेज ही नहीं रहेगा तो बेटी किसी गरीब के लिए भी बोझ नहीं होगी। शादी और खुशी के दूसरे मौकों पर डीजे बजाने को भी सामाजिक बुराई बताते हुए खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे कई बार बहुत बड़े विवाद हो जाते हैं, जिनमें हत्या तक हो जाती हैं। इसके अलावा डीजे से पशुओं और मनुष्यों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। डीजे पर पूर्ण पाबंदी खाप के गांवों में लगाई जाएगी। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को लेकर खाप ने रोक लगाने का फैसला लिया। साथ ही विवाह में छोटी बारात ले जाने पर सहमति हुई। खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि सामाजिक बुराइयों को कानून की बजाय समाज के दबाव से ज्यादा प्रभावी तरीके से दूर किया जा सकता है।

### सरपंच पुनीत बने जिला अध्यक्ष

गांव के सरपंच पुनीत कुमार को रोहतक जिले का खाप प्रधान बनाया गया। इस वार्षिक मिलन समारोह में दिल्ली से बीजेपी सांसद कमलजीत, दिल्ली मटियाला से भाजपा एमएलए संदीप सहरावत, खांप के राष्ट्रीय अध्यक्ष मूलचंद सिंह, हरियाणा प्रभारी यशपाल, राष्ट्रीय संयोजक संदीप कुमार, दिल्ली से जगदीश, नरेंद्र पहलवान, यूपी से तेजवीर राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात से भी खाप प्रतिनिधि सामिल हुए।